अमर उजाला 19/04/2024

कार्यक्रम में 28 विद्यार्थियों को दी छात्रवृति

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के मार्गदर्शन में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अलग-अलग स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रों के बीच योग्यता, पित्रहीन बच्चों, आय, अतिरिक्त सह शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रवृत्ति वितरित की गई। इससे 28 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यदि विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें आगामी वर्षों में भी छात्रवृत्ति दी जाएगी। संवाद